सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-7	विषय: बाल महाभारत	पाठ: सूर्यपुत्र कर्ण

प्रश्न-१ कुंती को ऋषि दुर्वासा ने क्या मंत्र दिया था? उसका क्या परिणाम हुआ ?

उत्तर- कुंती को ऋषि दुर्वासा ने यह मंत्र दिया कि जिस से वह किसी भी देवता का आहवान कर सकती थी। इसका यह परिणाम हुआ कि एक दिन कुंती ने बिना कुछ सोचे सूर्य का आह्वान कर लिया। तब सूर्य देव ने जाते-जाते उसे एक दानशील और पराक्रमी पुत्र दिया।

प्रश्न-२ कर्ण की किसने पाला ?

उत्तर- कर्ण को धृतराष्ट्र के सारथी अधिरथ और उसकी पत्नी राधा ने पाला ।

प्र०-३ ऋषि परशुराम ने कर्ण को क्यों श्राप दिया ? और यह श्राप क्या था ?

30- कर्ण ने परशुराम से यह झूठ बोलकर विद्या ग्रहण की थी कि वह एक ब्राहमणकुमार हैं। उसके इस झूठ पर क्रोधित होकर परशुराम ने उसे श्राप दिया कि जब वह युद्धभूमि में अपने विशेषतम् शत्रु योद्धा का सामना करते समय परशुराम दवारा दी गई शिक्षा भूल जाएगा।